प्रेस विज्ञप्ति

डूबती नौका से तटरक्षक द्वारा 07 कर्मियों का बचाव

12 जून 16 को पोर्ट ब्लेयर के दक्षिण 40 मील की दूरी पर एमएसवी सफीना अल घेलानी नामक डूबती नौका से समुद्री एवं वायु के समन्वित व त्वरित अभियान से तटरक्षक हेलीकॉप्टर द्वारा 07 कर्मियों को बचाया गया। 11 जून 16 को सबेरे-सबेरे कारगो लेकर नौका ने पोर्ट ब्लेअर से हटबे के लिए प्रस्थान किया। परंतु खराब मौसम तथा प्रतिकूल समुद्री परिस्थितियों के कारण नौका के इंजन कक्ष में पानी घुसने लगा, परिणामस्वरूप 12 जून 16 को 1030 बजे नौका डूबने लगी।

नौका द्वारा भेजे गये संकटकालीन संदेश को तटरक्षक एमआरसीसी पोर्टब्लेअर ने प्राप्त किया। उसने तुरंत ही खोज एवं बचाव अभियान प्रारंभ किया। पोर्ट ब्लेअर से तटरक्षक हेलीकॉप्टर तथा दो भा.त.पो. राजश्री एवं सी-420 को खोज एवं बचाव अभियान में लगाया गया। एक डीएसएस शिप एम बी सेंटीनेल को संकटग्रस्त नौका की सहायता के लिए मोड़ दिया गया।

तटरक्षक हेलीकॉप्टर ने संकटग्रस्त नौका को नार्थ ब्रदर आईलैंड के निकट ढूँढ निकाला। द्वीप के निकट नौका बुरी तरह से ध्वस्त व डूब गई थी। तेज हवा तथा प्रतिकूल मौसम के बावजूद हेलीकॉप्टर ने नौका से 07 कर्मियों को बचाया। उनमें से 03 को तटरक्षक पोत सी-428 में चढ़ा दिया गया तथा अन्य 04 को सीधा पोर्ट ब्लेअर लाया गया। आवश्यक प्राथमिक उपचार के बाद सभी कर्मियों को पोर्ट ब्लेअर में उनके परिवार वालों को सौंप दिया गया।

नौका द्वारा संकट चेतावनी ट्रांसमीटर द्वारा समय से संकट की सूचना भेजने के कारण इन बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सका। डैट (डी ए टी) सस्ता एवं स्वदेशी उपकरण है तथा इनसैट श्रृंखला सेटेलाइट का उपयोग करके इसके द्वारा छोटी नौका से तटरक्षक एमआरसीसी को संकटग्रस्त संदेश प्रसारित किया जा सकता है।